## स्पीड न्यूज

### अनुसचिवीय कर्मचारी संघ ने हड़ताल पर जाने से पूर्व डीसी को सौंपा मांग पत्र



मेदिनीनगर। झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ पलामू राज्य इकाई के निर्देश पर 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे। इसके पूर्व एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के नाम अपर समाहर्ता को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष रंजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ नौ सूत्री मांगों को लेकर 14 जुलाई को राज भवन के समक्ष महाधरना के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र समर्पित किया था। इसके बाद राज्य सरकार हमारी मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई तो राज्य इकाई के द्वारा चरणबद्ध आंदोलन चलाया गया। इसके बावजूद भी राज्य सरकार अपनी रवैया पर अडिग है तो हम सभी बाध्य होकर 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार के नीति के विरोध में शनिवार को जिला समाहरणालय परिसर से कैंडल मार्च निकालकर छह मुहान पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया जायेगा। ज्ञापन सौंपनेवालों में जिला सचिव संजय प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष अमरेश कुमार सिंह, संजय कुमार पासवान, चंदन कुमार, रवि रंजन, सुधीर कुमार, रामलखन राम, हसीबुल रहमान, भीमदयाल रमन, विनोद कुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

### सहयोगी शिक्षक को सेवानिवृत होने पर दी गयी विदाई



पाटन पलामू। प्रखंड के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के सीआरसी नावाखास मे शिक्षक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन आमा नगर जयपुर के शिक्षक वीरेंद्र राम ने किया। बैठक में नावाखास पंचायत के मुखिया मनोज कुमार चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह, पंचायत समिति सदस्य अखिलेश यादव, महुलिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रोहित कुमार रजक, सीआरपी संजय कुमार शामिल रहे। सभी लोगों ने प्राथमिक विद्यालय महुलिया मंदिर टोला के सहयोगी शिक्षक सूबेस बैठा को सेवानिवृत होने पर फूल माला पहन कर एवं अंग वस्त्र के साथ सम्मानित किया। साथ ही उन्हें विदाई दी गई। मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षक समाज का एक दर्पण होते हैं। जो बच्चों के उज्जवल भविष्य के ओर ले जाने में अपना जीवन को लगाते हैं। शिक्षक सुबेस ने स्कूली बच्चों को गुणत्तमक शिक्षा देने में अपना समय व्यतीत किया था। मौके पर क्षेत्र के शिक्षक उपस्थित थे।

### मांगों को लेकर हड़ताल के तीसरे दिन धरना पर बैठे मनरेगाकर्मी



मेदिनीनगर। अपनी मांगों को लेकर हड़ताल के तीसरे दिन जिला के 350 मनरेगा कर्मी शिवाजी मैदान में धरना पर बैठे हैं। मनरेगा कर्मी सरकार के वादा खिलाफी से क्षुब्ध हैं। हेमंत सोरेन ने चुनाव के दौरान मनरेगाकर्मियों को स्थाई करने का वादा किया था लेकिन अभी तक इन्हें स्थाईकरण नहीं किया गया है। इससे पलामू जिला सहित राज्य भर के मनरेगा कर्मी आक्रोशित हैं। धरना को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष नारद यादव ने कहा कि पिछले सरकार की तरह इस सरकार ने भी मनरेगा कर्मियों को ठगने का काम किया है, अभी तक विभागीय अधिकारी एवं मंत्री द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया गया है। मनरेगा कर्मियों के लिए संवेदनशील नहीं है। इसका खामियाजा सरकार को आने वाले समय में भुगतना पड़ेगा। 17 वर्षों तक लगातार सेवा करने के बाद इतने अल्प मानदेय में काम करके परिवार का गुजारा करना संभव नहीं हो रहा है। इसलिए अजीज होकर मनरेगा कर्मी आज सड़क पर उतरे हैं, 22 जुलाई से पूरे राज्य में मनरेगा का काम ठप करके कर्मी हड़ताल पर चले जाएंगे। 21 जुलाई को मनरेगाकर्मियों द्वारा स्थानीय शिवाजी मैदान से छः मुहान चौक तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इसके पूर्व धरनास्थल पर जिला सचिव अख्तर हुसैन, जिला कोषाध्यक्ष दीपक तिवारी ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। धरना में मनोज कुमार चौबे, राहुल सोनी, आशीष कुमार, पप्पू कुमार, प्रियरंजन शुक्ला, संतोष कुमार यादव, सुनील कुमार यादव, संजीव गुप्ता, जयंत कुमार पासवान, अरविंद सिंह, रामाकांत तिवारी, गोविंद पांडे, अशोक कुमार, संतु राम सहित मनरेगा कर्मी शामिल थे।

### नावाबाजार प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि पर फायरिंग, तीन पर प्राथमिकी दर्ज

मेदिनीनगर। पलामू सांसद बीडी राम के नावाबाजार प्रखण्ड के सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी पर शुक्रवार की रात फायरिंग कर जानलेवा हमला किया गया हालांकि इस घटना में सांसद प्रतिनिधि बाल बाल बच गए। घटना की जानकारी मिलते ही नावाबाजार थाना प्रभारी चिन्टु कुमार घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन की। घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने नावाबाजार थाना में तीन लोगों पर रंगदारी मांगने पर नहीं देने के कारण जान मारने के नियत से फायरिंग किया गया। पंकज ने दिए गए आवेदन में कहा है कि कुछ दिन पूर्व विश्रामपुर थाना क्षेत्र के अमवा के रोहित उर्फ छोटू मिश्रा ने धमकी दिया था कि बहुत ठेकेदारी में कमा रहे हैं कुछ रंगदारी देना पड़ेगा। 19 जुलाई को शाम में जब घर गए तो भाई एवं पिताजी ने बताया कि तीन बाइक पर सवार होकर कुछ लोग आकर मेरे बारे में पुछा कि पंकज कहां गया। उसको बोल दिजिएगा कि वह रंगदारी नहीं दे रहा है जान से हाथ धोना पड़ जाएगा। उसके बाद हथियार लहराते हुए निकल गए। इसी बीच रात्रि करीब 8 बजे अपने घर के पास टहल रहे थे इसी दौरान तीन बाइक पर पांच लोग आए और मेरे ऊपर गोली चला दिया। पंकज ने पांच लोगों में तीन लोगों को पहचान लिया जिसमें रोहित उर्फ छोटू मिश्रा, शैलेश दुबे उर्फ छोटू एवं शशिकांत पांडेय उर्फ चुनमुन को वह पहचानता है। थाना प्रभारी चिन्टु कुमार ने बताया पंकज तिवारी के लिखित बयान के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दिया गया। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सहायक अध्यापक पहुंचे रांची

मेदिनीनगर। झारखण्ड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर शनिवार को मोराहाबादी मैदान में झारखंड के तकरीबन 50000 सहायक अध्यापक अपनी मांग वेतनमान को लेकर रांची पहुंचे। राज्य कमेटी के सदस्य प्रद्युमन सिंह सुमन कुमार विनोद तिवारी, विकास चौधरी तमाम सहायक अध्यापकों को पुलिस प्रशासन के द्वारा बर्बरता पूर्वक मारा गया। सिन्टू, सुमन, कई सहायक अध्यापकों/ अध्यापिका हाथ पैर में गंभीर चोट आई है। मौके पर बिनोद बिहारी महतो, बिनोद तिवारी, संजय दुबे, सिन्टू सिंह, विकास चौधरी, सुमन कुमार, निरंजन दे, बेलाल अहमद, सुशील पांडेय, विरेंद्र राय, भागवत तिवारी, शकील अहमद, नरोत्तम सिंह मुंडा, बैजनाथ महतो शामिल थे।

### भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष का निधन

नीलांबर पिताबंरपुर। पत्रकार चंदन दुबे के चाचा पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रमादित्य दुबे उम्र 48 वर्ष का आकस्मिक निधन शुक्रवार की रात 12:30 बजे उनके गृह आवास पर हो गया। उनका काफी दिनों इलाज चल रहा था। वे लीभर के बीमारी से परेशान थे। उनका अंतिम संस्कार मलय नदी के तट पर शनिवार की सुबह किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र, भाई, भतीजा सहित भरा पूरा परिवार को छोड़ गए। वे बड़े मृदुभाषी एवं सरल व्यक्तित्व के धनी एवं मिलनसार सबका भला सोचने वाले व्यक्ति थे। उनकी निर्धन की खबर आग की तरह चारों तरफ फैल गए। जिसे सुनकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं आस-पड़ोस के लोगों का अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर भीड़ उमड़ पड़ा। उनके मौत से पूरे गांव में शोक व्याप्त है। शोकाकुल परिवार को ढाढस बढ़ाने एवं अंतिम दर्शन हेतु पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रुद्र शुक्ला, भाजपा के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, नीलकंठ गिरी आदि सैकड़ो लोग उनके घर पहुंचे। लेस्लीगंज के पूर्व मंडल अध्यक्ष के निधन पर पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कई गांवों का किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के बारी, पोंची, सतबरवा तथा दुलसुलमा पंचायत के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव के लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रायशुमारी किया।

त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में हमेशा रहा हूं। अगर क्षेत्र की जनता का इजाजत हो तो पुनः डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ूंगा। त्रिपाठी ने कहा राज्य के गठबंधन की सरकार ने विकास कार्यों को तेजी गति से आगे बढ़ा रही है जिससे सभी वर्ग समुदाय के लोगों को सरकारी योजना का लाभ मिल रहा है। त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा हमेशा लोगों को छलने का कार्य किया है उसकी कथनी और करनी काफी अंतर है।

कांग्रेस हमेशा सभी वर्ग समुदाय के आपसी सद्भाव और भाईचारा के साथ कार्य करती है मगर भाजपा ने हमेशा जाति धर्म समुदाय के नाम पर लड़ाने का कार्य किया है। उन्होंने वर्तमान विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 10 सालों के दरमियान विकास के मामले में क्षेत्र के लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष राजकुमार यादव, योगेंद्र भुइयां, मनोज कुमार भुइयां, दीपक चंद्रवंशी, सियाराम विश्वकर्मा, बिपिन कुमार, मो अफजल, बिनोद पासवान, लव शुक्ल, मेघनाथ राम लालधारी राम, गुठल उरांव कई लोग उपस्थित थे।

## एसडीएम की अध्यक्षता में अस्पताल प्रबंधन ने फाइलेरिया रोधी कार्यक्रम पर किया चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। सरकार के स्वास्थ्य विभाग के द्वरा 20 जुलाई एवं 10 अगस्त से 25 अगस्त तक सम्पादित होने वाले फाइलेरिया रोधी एमडी ए आई डी ए कार्यक्रम की सफलता के लिए अनुमंडल स्तरीय समन्वय समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद की अध्यक्षता में अनुमंडल सभागार में आहूत की गई। जिसमें अनुमण्डल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा ने कहा कि इस अभियान के दौरान सभी को फाइलेरिया की डी इ सी, आईवर मैक्टिन और अल्बेंडाजोल की दवा खिलाया जायेगा जिसमें 01 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को, गर्भवती और धात्री महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवा नहीं दी जाएगी, शेष सभी लोग दवा का सेवन करेंगे। दवा का सेवन पूर्ण रूप से सुरक्षित है तथा इसके सेवन से हांथी पाँव की बीमारी से बचा जा सकता है। बैठक में प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, उपप्रमुख इंदु देवी, बीडीओ सह सीडीपीओ रौशन कुमार, डॉ दीपक कुमार सिन्हा, डॉ प्रसीद नारायण सिंह, डॉ विकास कुमार गुप्ता, डॉ मंजूर आलम, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, तीनों प्रखंड के जे एस एल पी एस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबधक, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, वार्ड सदस्य सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक बिभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबधक राजीव रंजन, प्रखंड डाटा प्रबंधक रंजीत कुमार मेहता आदि ने किया। साथ ही धीरेन्द्र कुमार एमटीएस, एमपीडब्लू अशोक कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, पीरामल फाउंडेशन से उपस्थित थे। कुल 296446 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी।

## घंटों खड़े रहे आईसीटी इंस्ट्रक्टर प्रचार्या ने नहीं खुलवाया विद्यालय

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। राज्य सरकार द्वारा संचालित सरकारी विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को तकनीकी शिक्षा देने के लिए विद्यालयों में आईसीटी लैब लगाया है। जेईपीसी के आदेशानुसार सभी इंस्ट्रक्टरों को पांच फेज में 15 दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू ने एक पत्र जारी करते हुए सभी प्रधानाधापक/प्रधानाध्यापिका को आईसीटी प्रशिक्षण में सहयोग करने आदेश दिया है। शनिवार को आईसीटी ट्रेनिंग सेंटर बालिका मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में प्रशिक्षण दिया जाना था। जिसके लिए आईसीटी इंस्ट्रक्टर अपने निर्धारित समय पर प्रातः 9 बजे बालिका मध्य विद्यालय हुसैनाबाद पहुंचे और लगभग 11 बजे तक विद्यालय का गेट खुलने का इंतेजार करते रहे लेकिन प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू व अन्य उच्चाधिकारियों के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए विद्यालय का गेट नहीं खुलवाया। जिसके कारण आईसीटी इंस्ट्रक्टरों का प्रशिक्षण बाधित हुआ। जिसकी सूचना आईसीटी के पलामू डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर उज्ज्वल कुमार एवं एडीपीओ पलामू उदय कुमार को दी गई इसके बाद भी विद्यालय के गेट का ताला नहीं खुला। प्रधानाध्यापिका की इस तानाशाही रवैए से आईसीटी इंस्ट्रक्टर व विद्यालय के अन्य शिक्षक आक्रोशित हैं। कुछ समय बाद मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद व आईसीटी इंस्ट्रक्टर प्रमोद मेहता ने वैकल्पिक व्यवस्था कर अपने विद्यालय का गेट खुलवाया एवं आईसीटी इंस्ट्रक्टरों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर आईसीटी प्रशिक्षक प्रफुल कुमार प्रियदर्शी, मनोहर विश्वकर्मा, रवि कुमार कुशवाहा, प्रमोद मेहता, अजय कुमार यादव, जितेन्द्र कुमार, राजू कुमार, मो नदीम अंसारी, राकेश शर्मा, मनीष, वंदना कुमारी, रूपम, रंजन कुमार, मनीष रुद्रा आदि मौजूद थे।

### अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

## अवैध खनन स्वीकार्य नहीं : एसडीएम

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल, सदर व लेस्लीगंज के एसडीपीओ, सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी सीओ व थाना प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में एसडीएम तिवारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी अवैध खनन को किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। उन्होंने इसे रोकने को लेकर सभी पदाधिकारियों से उनके सुझाव मांगे। उन्होंने सभी से इस वर्ष खनन से जुड़े कुल दर्ज किये गये एफआईआर की कॉपी की भी मांग की।

### अवैध खनन नहीं होने का देना होगा प्रमाण पत्र

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से कहा कि आपके क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी अवैध खनन नहीं हो रहा है इससे जुड़े प्रमाण पत्र देना होगा,यह प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार को देना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव,राजस्व कर्मचारी,संबंधित मुखिया यह प्रमाण पत्र देंगे कि उनके क्षेत्र में कहीं भी अवैध खनन नहीं हो रहा है। इसके अलावे अगर कहीं माइनिंग हुआ तो उसपर क्या कार्रवाई की गयी इसका प्रतिवेदन भी देना होगा। शहरी क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े लोगों पर सीसीए के माध्यम से कार्रवाई करने पर बल दिया गया। उन्होंने सभी से डंप लाइसेंस के माध्यम से हो रहे अवैध खनन पर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही गयी।

**थाना प्रभारी व सीओ समन्वय बनाकर करें कार्य :** बैठक में मौजूद सभी थाना प्रभारी व सीओ को बेहतर समन्वय बनाकर काम करने की बात कही गई। कई बार ऐसा देखा गया है कि दो थाना क्षेत्र की सीमा रेखा पर अवैध बालू का कारोबार हो रहा है ऐसे स्थान पर थानों व अंचलों के कर्मी बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति आज करेगी सरकार का पुतला दहन

हुसैनाबाद पलामू। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के तत्वाधान में हुसैनाबाद जेपी चौक पर 21 जुलाई को संध्या 6 बजे झारखंड सरकार के विरुद्ध मशाल जुलूस एवं पुतला दहन का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी समिति के प्रमंडलीय संगठन महामंत्री सोनु कुमार पटेल ने दी। उन्होंने कहा कि समिति केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो को सहायक पुलिसकर्मी एवं हमारे अन्य साथियों पर पुलिस द्वारा क्रूरतापूर्वक लाठी चार्ज किया गया, जिसमें समाज में काफी मर्माहत है। इस दमनकारी नीति के खिलाफ रविवार को हेमंत सरकार के विरोध में मशाल जुलूस एवं पुतला दहन किया जायेगा।

## अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में दिखेंगे पलामू के अविनाश तिवारी

### पलामू में उग्रवाद की जगह कलाकार बन रहे हैं : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। पलामू के चैनपुर के ताली निवासी अविनाश तिवारी अभिनीत फिल्म सेलेस्टिना ऐंड लॉरेंस का चयन इंडियन फिल्म फेस्टिवल, मेलबोर्न (ऑस्ट्रेलिया) में हुई है। इसके निर्देशक विक्रम कुमार है। तिवारी के इस सफलता पर पलामू के कलाकारों ने हर्ष व्यक्त किया है। नगर निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि पलामू में उग्रवाद की जगह कलाकार बन रहे हैं जिन्हें नेशनल ही नहीं इंटरनेशनल में देखा जा रहा है। उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से अविनाश की उपलब्धि की जानकारी मिली है। अविनाश को उनके इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया जायेगा। पूर्व में पलामू के कलाकारों ने शिमला में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीत कर पूरे झारखंड का नाम ऊंचा किया है। उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। अविनाश ने कहा कि सेलेस्टिना एंड लॉरेंस फिल्म के डायरेक्टर विक्रम कुमार है जबकि इसके प्रोड्यूसर राकेश बुधनिया, गौरव शारदा राय और विवेक सिंह है। इस फिल्म के मुख्य कलाकार अंकिता केरकेट्टा और सालिब मिंज है। तिवारी भी इस फिल्म में हीरो के पिता की भूमिका में काम किया है। इनके सफलता का श्रेय इप्टा और मासूम के अपने सहयोगी कलाकार, अपने परिवार और गांव के उन लोगों को देते है। अविनाश के इस सफलता पर संत मरियम स्कूल के अविनाश देव, ग्रीन वैली स्कूल के प्रदीप नारायण सिंह, इप्टा के प्रेम भसीन, उपेंद्र मिश्रा, प्रेम प्रकाश, रवि शंकर, मासूम आर्ट ग्रुप के विनोद पांडेय, आदर्श पांडेय, अमर भांजा, राजा सिन्हा, राम किशोर पांडेय, सुमित वर्मन, अविनाश वर्मा, अमर सहाय, सुमित भट्टाचार्य सहित कई कलाकारों ने बधाई दी है।

### रेड क्रॉस सोसाईटी ने जेएस कॉलेज में लगाया रक्तदान जागरूकता शिविर



मेदिनीनगर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा स्थानीय जनता शिवरात्रि कॉलेज मेदिनीनगर पलामू में रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं को रक्तदान से संबंधी बातें बताई गई। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार पांडेय ने दी। जनता शिवरात्रि कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि विद्यार्थियों को भी रक्तदान के प्रति जागरूक होनी चाहिए। रक्तदान से संकट में दूसरों की जान बचाई जा सकती है। मौके पर रेड क्रॉस के सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, यह केवल मानव रक्त से ही प्राप्त किया जा सकता है। रक्तदान महादान है। हर स्वास्थ्य व्यक्ति जिनका उम्र 18 से 65 वर्ष है, वे रक्तदान कर सकते हैं। रक्त देने से कोई कमजोरी नहीं आती है बल्कि इसे हमे फायदा ही होता है। नियमित रक्तदान करने वाले व्यक्ति को हार्ड अटैक का खतरा कम हो जाता है, कैंसर का खतरा कम हो जाता है। मौके पर रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष आलोक पाठक, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर संयोजक सुधीर कुमार, सदस्य विश्वजीत गुप्ता समेत रेड क्रॉस के कई सदस्य व कॉलेजकर्मी शामिल थे।

### भुइयां समाज संघर्ष समिति ने राजद दलित प्रकोष्ठ से राजु भुइयां को पदमुक्त करने पर जताया आक्रोश



मेदिनीनगर। अखिल भारतीय भुईयां समाज संघर्ष समिति पलामू के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर कहा गया कि पलामू के होनहार संघर्षील भुईयां समाज के जिला अध्यक्ष राजू भुईयां को राष्ट्रीय जनता दल दलित प्रकोष्ठ के पद से पद मुक्त करने पर भुईयां समाज में आक्रोश है। लोकसभा में राजू भुईयां के द्वारा राजद प्रत्याशी को चुनाव जीतने के लिए दिन-रात एक कर दिया। राजद के प्रदेश अध्यक्ष ऐसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पूरे लोकसभा में कहीं नजर नहीं आए। उनके द्वारा ऐसे संघर्ष करने वाले कार्यकर्ता को पद मुक्त किया गया है जिसे भुईयां समाज घोर निंदा करती है। आने वाला विधानसभा चुनाव में आलाकमान पर पूरा विश्वास है कि समाज को मान सम्मान देगी अगर मान समान नहीं देती है तो आने वाला विधानसभा चुनाव में भुईयां समाज एक ठोस निर्णय लेने पर बाध्य होंगे। मौके पर समिति के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार भुइयां, जिला महामंत्री पारस नाथ भुईयां, जिला सचिव महेन्द्र भुइयां, ललित भुईयां, जितेंद्र भुईयां, मोहित भुईयां, गिरजा भुईयां, रामलाल भुईयां, दिलीप भुईयां, नंदू भुईयां, देवनारायण भुईयां, मंटू भुइयां, बच्चन भुईयां, मुरली भुईयां, जंगली भुइयां, प्रदीप भुईयां ,जिला परिषद मनातू एवं भुइयां समाज के लोग उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद : लोन के तनाव से खाया जहर, मौत

हुसैनाबाद पलामू। देवरी ओपी थाना क्षेत्र के बुधुआ गांव निवासी सतेंद्र कुमार सिंह ने मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने तत्काल उसे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। ग्रामीणों के अनुसार यह घटना स्मॉल बैंक के द्वारा ज्यादा लोन लेने और बार बार दरवाजा पर मांगने परिवार में तनाव के कारण बताया जा रहा है।

## नहर पर गाइडवाल और अप्रोच रोड निर्माण से दुर्घटना रूकेगा : विवेकानंद

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद (पलामू)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में हैदरनगर बीडीओ विश्व प्रताप मालवा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संतोषडीह और भाई बीघा के दोनों साइड पर गाइडवाल और अप्रोच रोड बनाने की मांग की गई है ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। ज्ञापन सौंपने वाले प्रमुख राजू खान, उप मुखिया प्रवेश आलम, राशिद खान, सुदर्शन यादव, बसंत कुमार सिंह, विशाल सिंह सज्जन नाथ विश्वकर्मा, आकाश विश्वकर्मा रणजी पासवान और विमलेश पासवान शामिल थे। इन नेताओं ने पुल की ऊंचाई को कम करने, दोनों साइड गाइडवाल निर्माण और अप्रोच रोड बनाने की मांग की है ताकि स्कूली और सवारी वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सके। विवेकानंद सिंह ने कहा कि प्रशासन को इस दिशा में तुरंत कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। स्थानीय निवासियों ने भी इस मांग का समर्थन किया है और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की है।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना को लेकर डीडीसी ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। डीडीसी आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि 22,23 और 24 जुलाई को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के मेगा कैंप का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि शिविर में अधिकाधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो पाये। उन्होंने सभी बीडीओ से उनके क्षेत्र अंतर्गत माइकिंग कराने की बात कही। साथ ही पंचायत स्तरीय बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में भी इसकी सूचना सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों के जरिए भी शिविरों का प्रचार-प्रसार करने की बात कही। उन्होंने सभी बीडीओ से शिविर के सफलता को लेकर किये जा रहे तैयारी से भी अवगत हुए। उन्होंने कहा कि सभी बीडीओ प्रखंड के कंप्यूटर ऑपरेटर के बीच अलग-अलग पंचायत को टैग्ड कर दें ताकि आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री में किसी तरह का कोई समस्या न आयें।

## पीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों से भरी ऑटो पलटी, बच्चे बाल बाल बचें

### क्षमता से अधिक थे बच्चें, नहर पर ज्यादा चढ़ाई होने के कारण ऑटो पीछे ढलने से गिरी

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद/हैदरनगर। थाना क्षेत्र के उत्तर कोयल नहर के समीप ग्राम संतोषडीह पुल के पास बच्चों से भरी ऑटो अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। जिससे दर्जनो बच्चे घायल हो गए। आनन फानन में बच्चों का इलॉज नजदीकी निजी क्लिनिक में कराया गया सभी बच्चे पीएस पब्लिक स्कूल के थे। जिसमें क्षमता से अधिक लोग बैठे हुए थे। जानकारी के अनुसार रोजाना की तरह हैदरनगर थाना के सजवान, सलेमपुर, चाचेरिया, खरगडा आदि गांव से एक निजी स्कूल के बच्चों को लेकर ऑटो हैदरनगर के माली मोहल्ला स्थित पीएस पब्लिक स्कूल जा रही थी। जैसे ही ऑटो संतोषडीह नहर पुल के समीप उत्तर कोयल नहर के चढ़ाई करने लगा ओवर लोड होने के कारण ऑटो पीछे की ओर जाने लगी इतने में गाड़ी ढलान पर होने के कारण चालक के नियंत्रण से बाहर हो गयी और खाई में गिर गयी। कुछ बच्चों के अभिभावक उन्हें घर ले गए,जबकि एक बच्चा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर व नौ बच्चे डॉ अशोक कुमार के निजी क्लीनिक में इलाज कराया गया। हालांकि इस घटना में सभी बच्चे बाल बाल बच गए सभी को आंशिक चोट आई थी। लेकिन इस घटना का स्वरूप बड़ा था। बड़ा घटना होने से बच गयी। वही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर की व्यवस्थाओं पर सवाल उठ गई। ओपीडी के समय चिकित्सा पदाधिकारी निजी क्लीनिक में थे। यही वजह है कि बच्चों को अस्पताल की जगह उनके निजी क्लीनिक में ले जाया गया। बच्चो का जहां सरकारी अस्पताल में निशुल्क इलाज होता, उन्हें इलाज के लिए भी पैसा लगाना पड़ा। अभिभावकों का आरोप है कि ऑटो के ड्राइवर को मना करने के बावजूद वह बच्चों को ठूंस कर ऑटो में ले जाता है। ऊपर से एक दो सवारी भी बैठा लिया करता है। बच्चों ने बताया कि अधिक लोड की वजह ऑटो संतोषडीह नहर पुल पर नहीं चढ़ सका। बच्चों ने बताया कि ऑटो पर 15 या 16 बच्चे सवार थे। उसके अलावा एक महिला को भी बैठा लिया गया। बच्चों के अभिभावकों में स्कूल प्रबंधन के प्रति काफी गुस्सा है। घटना के एक घंटे बाद तक पुलिस न तो अस्पताल पहुंची न घटना स्थल। इसे लेकर भी लोगों ने नाराजगी जाहिर की है। ऑटो ड्राइवर ऑटो छोड़ कर फरार हो गया है। पंचायत समिति सदस्य मनीष मेहता ने घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचने में मदद की।

## अजय रवि प्रखंड अध्यक्ष व बलराम बने सचिव

### उंटारी रोड : आजाद समाज पार्टी का प्रखंड स्तरीय कमिटी का गठन



खबर मन्त्र संवाददाता

उंटारी रोड पलामू। जिले के उंटारी रोड प्रखंड के लहर बंजारी में शनिवार को आजाद समाज पार्टी का प्रखंड स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश महासचिव सह विश्रामपुर विधानसभा के भावी प्रत्याशी सिराज खान उपस्थित थे। आजाद समाज पार्टी के उंटारी रोड प्रखंड कमिटी के विस्तार में अजय कुमार रवि को अध्यक्ष, बलराम राम को सचिव, सत्यम कुमार को उपाध्यक्ष, बिंदु राम को कोषाध्यक्ष, अर्जुन कुमार को महासचिव, रवि कुमार को मीडिया प्रभारी, मुन्ना कुमार को प्रखंड प्रभारी बनाया गया। नवमनोनित पदाधिकारियों व सदस्यों को सिराज खान, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल राम, भीम आर्मी गढवा जिला अध्यक्ष ललित राम, संगठन सचिव प्रवीण कुमार, साहबाज खान ने माला पहनाकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। प्रखंड कमिटी के विस्तार होने के उपरांत पंचायत कमिटी का भी गठन किया गया। मौके पर कई लोगों ने पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर मिडिया प्रभारी सनोज कुमार, बिट्टू गौतम, मोजाहिद खान, अजहर खान, जगदीश कुमार, देवनाथ राम, सैलेश रवि आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## बालू लदे 8 ट्रैक्टर जब्त

**चतरा।** टंडवा थाना पुलिस ने एसपी विकास पांडे के निर्देश पर बालू माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ ट्रैक्टर जब्त किए हैं, जिनमें से चार ट्रैक्टरों में बालू लदा हुआ था और चार ट्रैक्टर पुलिस की कार्रवाई को देखकर लोड बालू को खाली कर भाग रहे थे। पुलिस की टीम ने खदेड़कर उन्हें पकड़ लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, माफियाओं के इशारे पर सभी ट्रैक्टर नदी से बालू का उठाव कर एनटीपीसी की विभिन्न कंपनियों में ले जा रहे थे। थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सभी आठ ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है और सभी ट्रैक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर नदियों से बालू का अवैध उठाव नहीं करने दिया जाएगा।

## चतरा में पति-पत्नी ने विवाद के बाद की आत्महत्या

**चतरा।** शहर के नगवां मोहल्ला में कुलदीप सिंह और उनकी आठ महीने की गर्भवती पत्नी रश्मि कुमारी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि कुलदीप ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। रश्मि ने भी छत से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों की शादी एक साल पहले हुई थी और वे शहर के नगवा मोहल्ला में रहते थे। गुरुवार शाम को किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया था। कुलदीप ने छत पर जाकर जहर खा लिया और जब सुबह वह नीचे नहीं आया तो रश्मि छत पर गई और उसे मृत पाया। इसके बाद उसने भी छत से छलांग लगा दी। उसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों शवों को परिजनों को सौंप दिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## बिहार पुलिस ने चतरा के उत्तम यादव पर किया 50 हजार का इनाम घोषित

**चतरा।** चतरा के सुरही मुहल्ला निवासी गैंगस्टर उत्तम यादव इन दिनों चर्चा में हैं। बिहार के अतरी विधायक के छोटे भाई समेत उत्तम यादव पर बिहार पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया है। उत्तम यादव पर हत्या, आगजनी, लूटपाट, आर्म्स एक्ट और फिरौती सहित कई संगीन अपराध के मामले दर्ज हैं। बिहार, झारखंड और नेपाल के दो दर्जन कुख्यात अपराधी इसके गैंग में शामिल हैं। उत्तम यादव ने कुछ महीने पहले चतरा के एक पत्रकार को भी अपना निशाना बनाया था, लेकिन तत्कालीन थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने तत्परता दिखाते हुए मामले को सुलझा लिया था। चतरा उपायुक्त ने गैंगस्टर उत्तम यादव पर सीसीसीए लगाकर उसके घर पर नोटिस भी चिपकाया है। अतरी के पूर्व विधायक राजेंद्र यादव के पुत्र के साथ भी कई घटनाओं में गैंगस्टर उत्तम यादव शामिल रहा है।

## ट्रांसफॉर्मर खराब होने से ग्रामीण परेशान

**सिमरिया।** प्रखंड के डाड़ी गाँव में एक महीने से ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण 350 उपभोक्ताओं को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। ट्रांसफॉर्मर खराब होने से लोगों को बिजली से चलने वाले उपकरणों का उपयोग करने में परेशानी हो रही है, जिससे उनका घरेलू काम-काज भी प्रभावित हो रहा है। बच्चे-बच्चियाँ लालटेन के सहारे पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कई बार विभाग के जेई को ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना दी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने विद्युत कार्यपालक अभियंता से 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली बहाल करने की मांग की है।

## विकास योजनाओं के लिए स्थल का निरीक्षण

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शनिवार को चंदवारा प्रखंड अंतर्गत उरवां व तीतिरचांच का भ्रमण कर पर्यटन क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### उपायुक्त ने की कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग की बैठक

# जिले अमृत सरोवरों में बत्तख पालन योजना को बढ़ावा देने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग की बैठक की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दुधारू गाय योजना, बत्तख, मुर्गी, मछली, सुकर, बकरी पालन योजना समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बनाये गए अमृत सरोवरों में बत्तख पालन योजना का बढ़ावा दें, इसके लिए योग्य लाभुकों का चयन कर उन्हें बत्तख पालन योजना का लाभ दें। वहीं उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को दें और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं। वहीं उन्होंने गव्य विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि लाभुकों को दुधारू गाय योजना से लाभ दें। वहीं सभी सीओ को गायों के लिए घास की उपलब्धता के लिए घास लगाने के लिए भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया। वहीं जिला सहकारिता पदाधिकारी को फसल राहत योजना को लेकर प्राप्त आवेदनों को जल्द से जल्द सत्यापन कर लाभुकों को योजना का लाभ देने, आपस मे समन्वय बनाकर तेजी से योजनाओं का क्रियान्वयन करने व शतप्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीख प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी रोमा झा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सना उस्मानी, जिला कृषि पदाधिकारी रवि शंकर बर्णवाल, जिला मत्स्य मत्स्य पदाधिकारी विजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे। बैठक के दौरान कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सोलर आधारित पम्पसेट वितरण के लिए योग्य लाभुकों का चयन करें। साथ ही कृषि ऋण माफी योजना को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी को बड़े स्तर पर मछली पालन को लेकर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। इसके अलावे जिला पंचायती राज विभाग, पंचायत सचिवालय का सुदृढ़ीकरण, बायोमैट्रिक उपस्थिति, ज्ञान केंद्र संचालन आदि से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## कोडरमा स्कूल सहोदय कांप्लेक्स के तत्वावधान में नाटक प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** छात्र प्रतिभा के धनी होते हैं और छात्रों की इस प्रतिभा को संवारने के लिए कोडरमा स्कूल सहोदया कांपलेक्स के तत्वाधान में अंतर विद्यालय नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां सेक्रेड हार्ट विद्यालय से कुणाल पाण्डेय, सौरव रंजन, रेयांशी जैन, साक्षी सिंह और अनुषा सिंह ने अपने आकर्षक अभिनय द्वारा नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया। यह नाटक प्रतियोगिता झुमरीतिलैया स्थित माडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें जिले के 11 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने प्रतिभा का बखान किया। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला वन अधिकारी सौमित्र शुक्ला उपस्थित रहे। साथ ही प्रसिद्ध संगीतकार नवीन पांडे, एलआईसी के ऑफिसर अमित कुमार एवं आरवीएस. की निर्देशिका रश्मि बर्णवाल निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय की ओर से मुख्य अतिथि, निर्णायक मंडली के सदस्यों एवं विभिन्न विद्यालयों से आए निर्देशक एवं प्राचार्य मौजूद रहे, जिनमें सेक्रेड हार्ट से प्रमोद कुमार, नेशनल पब्लिक स्कूल से मुस्ताक खान, मेरिडियन अकादमी से श्री निवासकुमार, मंजुला शर्मा से रजनीश शर्मा, बीआर इंटरनेशनल से ओम प्रकाश राय, विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल अनिल कुमार गुप्ता, आदर्श प्लस उच्च विद्यालय से दीपक कुमार, जीएस पब्लिक स्कूल से नितेश सिंह, डीएवी पब्लिक स्कूल से केके सिंह, कैलाश राय से शर्मेंद्र साहू और इकरा पब्लिक स्कूल से मकसूद आलम आदि मौजूद थे। वहीं प्रतियोगिता का आरंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। जहां मॉडन पब्लिक स्कूल के गायन समूह के द्वारा सुमधुर स्वागत गीत गाकर उपस्थित सभी लोगों का अभिवादन किया गया और मुख्य अतिथि वन अधिकारी सौमित्र शुक्ला को पुष्प गुच्छ के साथ मोमेंटो देकर आभार प्रकट किया गया। वहीं सहोदय कांप्लेक्स स्कूल के अध्यक्ष सह मॉडर्न विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने उपस्थित सभी लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारा लक्ष्य साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। हम छात्रों को डिजिटल दुनिया से संभावित खतरों के बारे में गंभीरता से सोचने और उनमें नैतिक ऑनलाइन व्यवहार विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं, क्योंकि तकनीकी विकास अपने साथ-साथ खतरे को भी आमंत्रित करता है। साइबर अपराध आज के समय में बहुत ही चिंता का विषय है, जो समाज के लगभग सभी व्यक्तियों को विशेषकर युवाओं को प्रभावित कर रहा है। वहीं प्रतियोगिता से संबंित नियमों की जानकारियां देने के पश्चात नाटक प्रतियोगिता आरंभ की गयी। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं सेक्रेड हार्ट विद्यालय के विद्यार्थी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नेशनल पब्लिक स्कूल परसाबाद से प्रेम कुमार, सूरज पंडित, हिमांशु चंद्र, आयुष कुमार एवं कहकाशन प्रवीण द्वितीय स्थान पर रहे और ग्रिजली विद्यालय से श्रेष्ठ शर्मा, हर्ष कुमार, पीयूष राज, उदिता घोष एवं जैना जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें मुख्य अतिथि के द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और अन्य प्रतिभागियों के लिए प्रमाण पत्र जारी किया गया। मौके पर कृष्णकांत मिश्रा, राणा तेजस्वी, मो. इमरान फारुकी, संगीता शर्मा, सुरेंद्र साहू समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## धन रोपनी कार्य बेहतर हो इसे लेकर ग्रामीणों ने की काली पहाड़ी की पूजा-अर्चना

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत काली पहाड़ी में शनिवार को ग्रामीणों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा अर्चना की। मान्यता है कि धन रोपनी कार्य के पूर्व यहां लोग अपने इष्ट देव की पूजा अर्चना करते हैं, यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है।

उसी परंपरा को लोग बखूबी निभा रहे हैं। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि धन रोपनी कार्य के पूर्व पहाड़ी पूजा धूमााम से करने पर उस साल उपज अच्छी होती है। इसे लेकर शनिवार सुबह ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ काली पहाड़ी जाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद ब्राह्मणों को भोजन कराया व दान दक्षिणा दिया गया, इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर नारायण सिंह, काबुली सिंह, बहादुर सिंह, बालेश्वर साव, रंजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, मदन सिंह, चंद्रदेव सिंह, खुशरु सिंह, इंद्रदेव सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, नवीन सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## महादेव मठ परिसर में प्रमुख व बीडीओ ने किया पौधारोपण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा।** शनिवार को महादेव मठ में प्रमुख कमला देवी और बीडीओ विवेक कुमार ने पौधारोपण किया। बीडीओ ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने और खुद को स्वस्थ रखने के लिए पेड़-पौधे का होना जरूरी है। प्रमुख ने कहा कि जिस प्रकार पौधारोपण में जोर-शोर से लगे हैं, ठीक उसी प्रकार कटने से बचाने पर भी जोर दिया जाए। महादेव मठ के मुख्य पुजारी दीनदयाल जी महाराज के सौजन्य से महादेव मठ परिसर में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। मुख्य पुजारी ने बताया कि महादेव मठ कुन्दा का एकमात्र ऐतिहासिक स्थल है और इसे पेड़-पौधों से ही सुंदर और हराभरा, सदाबहार बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि परिसर में 500 पौधे लगाने का लक्ष्य है, इसलिए हर एक व्यक्ति को कम से कम दो पौधा जरूर लगाना चाहिए तभी आने वाले दिनों में हमें ऑक्सीजन भरपूर मात्रा में मिल सकती है। अन्यथा जिस हिसाब से जंगल कट रहे हैं, अगर पेड़-पौधे नहीं लगाए गए तो इसका परिणाम बहुत ही कष्टदायी होगा।

### जिला स्तरीय स्कूल रूआर 2024 कार्यशाला का आयोजन

## कोई भी बच्चा शिक्षा से न रहे वंचित: मंत्री




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना द्वारा चतरा के डीएमएफटी हॉल में जिला स्तरीय स्कूल रूआर 2024 कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता ने शत-प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति सुनिश्चित करने पर बल दिया। कार्यशाला में 5-18 आयु वर्ग के सभी बच्चों के नामांकन, विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति, शत-प्रतिशत नामांकित बच्चों का अगली कक्षा में नामांकन और सभी बच्चों की उपस्थिति ई-विद्यावाहिनी में दर्ज करने पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। मंत्री ने शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन और ठहराव के लिए निर्देश दिया और कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी को शिक्षित करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन हर साल बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का काम करता है और इस कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालय तक लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम बनाए गए हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने रूआर 2024 के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की और कार्यक्रम के बाद माननीय मंत्री और उपायुक्त ने रूआर 2024 के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल व लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों, योजनाओं का स्वीकृति पत्र वितरित

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में परिसंपत्ति एवं साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के मंत्री श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार सत्यानंद भोक्ता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है और स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पुल-पुलिया, रोजगार के क्षेत्र में भी कार्य किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में मंत्री ने लाभुकों के बीच अबुआ आवास, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित बागवानी आदि की स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस महिला समूहों के दिदियों के बीच ऋण स्वीकृति पत्र, 400 स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। साथ ही, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वधान में चतरा वन प्रमंडल द्वारा प्रखंड मुख्यालय गिद्धौर में आयोजित 75वां वन महोत्सव 2024 के तहत मंत्री, उपायुक्त समेत जिले एवं प्रखंड के अधिकारी और गणमान्य लोगों ने पौधा रोपण किया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त रमेश घोलप, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, प्रमुख, बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य समेत अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**अनुकम्पा के आधार पर दिया गया नियुक्ति पत्र :** गिद्धौर प्रखंड में कार्यक्रम के बाद, समाहरणालय सभा कक्ष में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने स्वर्गीय दिलीप कुमार के पुत्र श्री अभिषेक भारती को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया। स्वर्गीय दिलीप कुमार भू०पू० सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, सहायक निबंधक सहयोग समितियां चतरा अंचल चतरा के कार्यालय में पदस्थापित थे। उसी कार्यक्रम में, उग्रवादी हिंसा में मारे गए स्वर्गीय विक्रम कुमार रजक के आश्रित सोनी कुमारी को चतुर्थ वर्गीय पद के लिए अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र दिया गया। स्वर्गीय विक्रम कुमार रजक ग्राम + पो० + थाना लावालौंग के निवासी थे।

पत्थलगडा प्रखण्ड के ग्राम नुनगांव निवासी जामुन प्रजापति की पुत्री शिवानी कुमारी की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई थी उनके आश्रित कैलाश कुमार पिता जामुन प्रजापति को 01 लाख रुपए की मुआवजी राशि दी गई। वहीं प्रखण्ड ईटखोरी के ग्राम चक्रवार पितीज स्थित निवासी उमेश यादव की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई थी उनके आश्रित मालो देवी को 01 लाख रुपए मुआवजा राशि दिया गया। साथ ही प्रखण्ड कान्हाचट्टी ग्राम बकचुम्बा निवासी रघुनाथ प्रजापति की मृत्यु वज्रपात से हो गई थी उनके आश्रित तेतरी देवी को 04 लाख मुआवजा राशि दिया गया।

एक नजर में

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई व प्रखंड इकाई की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई व प्रखंड इकाई की बैठक आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा में की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवशंकर रजक तथा संचालन जिला महासचिव रविकान्त कुमार रवि ने किया। बैठक के दौरान 5 अगस्त को आमरण अनशन कार्यक्रम की जानकारी दी गई। वहीं कहा गया कि कार्यक्रम के लिए प्रत्येक प्रखंड में बैठक की जायगी, कोडरमा जिला में लंबित प्रोन्नति पर भी चर्चा हुई। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक से भेंट कर वार्ता की गयी। जिसमें प्रोन्नति, सेवा सम्पुष्टि, मुचुअल स्थानान्तरण आदि शामिल है। जिसके बाद जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि सभी कार्य पर ध्यान है और कार्य जारी है। वहीं संघ की मजबुती पर महासचिव रविकांत रवि ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड के कार्यकारिणी और जिला कार्यकारिणी के चयनित पदाधिकारी अपने संघीय कर्तव्य का पालन करें।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले में 25 जुलाई से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा, अभियान के दौरान मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, नाम हटाने समेत सूची से जुड़ी अन्य त्रुटियों को दूर किया जाएगा। अभियान के दौरान सूची से मृत मतदाताओं का नाम हटाने आदि का कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक कर 25 जुलाई से चलने वाले अभियान व कार्यक्रम की जानकारी देने आदि का निर्देश दिया।

## टाईटेनियम महिन्द्रा शोरूम का बीओआई शाखा प्रबंधक ने किया उद्घाटन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के बाई पास रोड स्थित पीजी कंपलेक्स में बैंक ऑफ इंडिया कोडरमा के शाखा प्रबंधक रुचि रश्मि ने फीता काटकर शोरुम का उदघाटन किया एवं शोरुम के संचालक को शुभकामना दी। वहीं शोरुम के संचालक ने बताया कि शोरुम के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इस शोरूम में ईवी ऑटो, डीजल ऑटो, सीएनजी ऑटो, जीटो, के सेल्स के साथ-साथ सर्विस की भी सुविधा दी जाएगी। शोरूम उद्घाटन के दौरान ग्राहकों में खास उत्साह देखा गया एवं उद्घाटन के दिन तकरीबन 120 लोगों ने गाड़ी के बारे में रुचि दिखाई और 24 लोगों ने गाड़ियां बुकिंग करायी। मौके पर शोरूम के जीएम चंद्रशेखर गुप्ता, शंकर झा, पंकज सोनी, शक्ति सिंह, सत्य प्रकाश, सुमन मिश्रा समेत शहर के कई लोग मौजूद थे।

## तीन दिवसीय वार्षिक एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा का हुआ समापन

**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा 2024-25 का समापन शनिवार को हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त मेघा भारघ्द्वाज थीं। इस प्रतिस्पर्धा में सैन्य छात्र-छात्राओं का अनेक रोमांचकारी प्रदर्शन से भरा हुआ दिखा। इस आयोजन में सभी जांबाज बारह गृह-टीमों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए अद्भुत टीम भावना का परिचय दिया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली एवं पुरस्कार वितरण करते हुए सैनिक स्कूल वार्षिक एथलीट प्रतिस्पर्धा 2024-25 के समापन की उघ्द्घोषणा की। साथ ही मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनके प्रतिभाग प्रदर्शन व पराक्रम की प्रशंसा की। वहीं एथलेटिक्स बालकों के वरिष्ठ-कनिष्ठ वर्ग की ऊंची कूद, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 4-100 मीटर, 4400 मीटर रेस में मिथिला गृह ने लगभग सभी मेडल ही अपने नाम कर लिए। वहीं बालिकाओं के वरिष्ठ-कनिष्ठ वर्ग से शॉट-पुट, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 4-100 मीटर रेस में मात्र दो बालिकाओं कैडेट समीक्षा कुमारी मिन्ज और कैडेट मंजू कुमारी हंसदा ने ही मिलकर सारे मेडलों पर कब्जा कर लिया व इस वर्ष की सर्वोत्कृष्ठ एथलीट बनीं।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लरियाडीह नदी पुल के समीप शनिवार दोपहर करीब एक बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार लोहासीकर निवासी 70 वर्षीय ईश्वर यादव पिता स्व धर्म महतो मवेसियों को चराने के लिए लरियाडीह नदी की ओर गया हुआ था। इसी दौरान पुल के समीप उक्त व्यक्ति को अज्ञात वाहन अपने चपेट में लेकर फरार हो गया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस के मदद से घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## दलितों की समस्याओं को लेकर बैठक

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पिपचो में दलित-महादलित के समस्याओं को लेकर बैठक की गई। जिसमें उनकी समस्याओं के निदान करने पर चर्चा की गयी। बैठक में राजकुमार पासवान ने कहा कि हम दलितों को सरकार ठगने का काम करती है, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार दलित, मजदूर और विद्यार्थी विरोधी है। वहीं डॉ. कैलाश प्रसाद ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार रोजगार देने में विफल रही है। साथ ही दलितों का राशन केरोसिन के वितरण को सरकार खत्म कर रही है। मौके पर जनकदेव राम, विकास, प्रेमचंद आदि मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**कोडरमा।** राष्ट्रीय बाल आिकार संरक्षण आयोग के निर्देशन में बाल कल्याण संघ द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से प्रखंड सभागार सतगावां में कठिन स्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों और उनके परिवारों के लिए मैपिंग कार्यक्रम हेतु आंगनबाड़ी सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में जिले के सतगावां प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका सहायिका पंचायती राज विभाग से जुड़े लोग ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कठिन परीस्थितियों में जीवन बसर कर रहे बच्चों और उनके परिवारों को सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने हेतु मैपिंग करना था।

## स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता वर्ग 1 से 4 तक के बच्चों के लिए थी। बच्चों ने रोड सेफ्टी पर स्लोगन लिखकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संदेश दिया और कहा कि लोगों की जिंद्गी बड़ी कीमती है, थोड़ी सी लापरवाही से इसे ना गवाएं। प्रतियोगिता में अभिक गौरव, वंशराज, अभिमान सिंह, तथागत ऋषि, प्रियांशु कुमार, अभिषेक कुमार, नव्या श्री, हर्षित कुमार, श्रेया गुप्ता, अहाना, ऋषि राज, रूही वर्मा, दिव्यांक, श्रेष्ठ, शौर्य देव, सप्तांशु आनंद, प्रीतम कुमार, श्रेया सिंह, अत्या उपाध्याय, अंकुर कुमार, अदरीजा विश्वास, आद्या सिंह, अदिति राज, देवराज, प्रज्ञा भारती, सौम्या कुमारी, अंकुर, निधि कुमारी, शौर्य राज, सुशांत कुमार, हिमांशु कुमार को क्रमशः अपने-अपने वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## स्पीड न्यूज

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हालत खराब

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के बकरनी गांव में एक युवती जहरीला पदार्थ खाने से गंभीर रूप से बीमार हो गई। इसके बाद युवती को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर उसका इलाज किया गया है। युवती की स्थिति स्थिर बनी हुई है। युवती की पहचान बकरनी गांव निवासी बिरसा उरांव की 18 वर्षीय पुत्री सुनीता उरांव के रूप में हुई है। सुनीता ने धोखे में जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिससे उसे उल्टियां होने लगी। साथ ही वह बेहोश हो रही थी। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

### सर्पदंश की शिकार हुई महिला

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के बंजार किस्को गांव में एक महिला को सांप ने काट लिया। इसके बाद महिला अचेत होने लगी। घरवालों को इसकी जानकारी हुई तो महिला को मोटरसाइकिल से ही आनन–फानन में इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने महिला का इलाज किया है। महिला की पहचान सदर थाना क्षेत्र के बंजार किस्को गांव निवासी गोविंद उरांव की 45 वर्षीय पत्नी बुधमनिया उरांव के रूप में हुई है। बुधमनिया शौच के लिए घर से बाहर जा रही थी। तभी उसे सांप ने काट लिया था। जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो घर वालों को इसकी जानकारी हुई।

### महिला को सांप ने डंसा

**लोहरदगा।** जिले के लावागाई गांव में एक अधेड़ महिला को सांप ने काट लिया। महिला खेत में काम करने के लिए गई हुई थी। जहां पर उसे सांप ने काट लिया। इसके बाद महिला को परिजनों द्वारा मोटरसाइकिल से इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर महिला का इलाज किया गया है। फिलहाल महिला की स्थिति स्थिर बनी हुई है। चिकित्सक महिला की निगरानी कर रहे हैं। बताया जाता है कि लावागाई निवासी रामबरत उरांव की 50 वर्षीय पत्नी फगन देवी मिर्ची टांड में स्थित अपने खेत में गई हुई थी। जहां पर उसे सांप ने काट लिया था। उसने घर वालों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद फगन को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया।

### कीटनाशक से महिला की स्थिति बिगड़ी

**लोहरदगा।** जिले के पेशरार थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव में एक महिला ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे महिला के तबियत बिगड़ गई। घरवालों को इसकी जानकारी हुई तो महिला को तत्काल निजी वाहन से इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर महिला का इलाज किया गया है। महिला की पहचान लोहरदगा जिला के पेशरार थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव निवासी झरिया खेरवार की 36 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में हुई है। मंजू ने कीटनाशक का सेवन कर लिया था। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई थी। हालांकि मंजू ने कीटनाशक का सेवन क्यों और कैसे किया, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

### वर्दी से वर्दी को लड़वाने की बड़ी साजिश इंडिया गठबंधन की देनः सूरज अग्रवाल

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज की घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा है की आज झारखंड प्रदेश में वर्दी से वर्दी को लड़वाने की बड़ी साजिश इंडिया गठबंधन की सरकार ने की है। आदिवासी मूलवासी लोगों को बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज करके पिटाई करना हेमंत सोरेन द्वारा 2019 में चुनावी घोषणा में आदिवासी मूलवासी को हक दिलाने की बात बोलकर सत्ता में काबिज होने के बाद सिर्फ और सिर्फ अपने स्वार्थ की राजनीतिक कर रहे है। जेल से आने के बाद कुछ दिन भी बर्दाश्त ना कर फिर से मुख्यमंत्री का कुर्सी पकड़ना ये साबित भी करता है। एक ओर झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है राज्य के मुखिया अभी कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा है की राज्य के कैबिनेट मंत्री जेल की हवा खा रहे हैं और दूसरी तरफ लोकतंत्र में अपनी हक हुकुम बात रखने वाले सहायक पुलिस कर्मियों के ऊपर पुलिस द्वारा ही लाठी चार्ज करवाना इसकी हम घोर निंदा करते हैं। जब राज्य के मुखिया से राज्य नहीं चल रहा है तो उन्हें कुर्सी का त्याग कर देना चाहिए। यह घटना झारखंड के लिए शुभ संकेत नहीं है इसे कहते हैं भाई को भाई से लड़ाना।

### जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की हुई बैठक


बैठक करते डीसी।

**लोहरदगा।** जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रस्तावित कुल 03 मामलों पर विभागवार चर्चा हुई और सर्वसम्मति से सभी मामलों को अनुमोदित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुजाता कुजूर, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, स्थापना उप समाहर्ता अभिनीत सूरज, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी व संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# चोर गिरोह का मास्टर माइंड, चोरी की ज्वेलरी खरीदने वाला गिरफ्तार

## गुमला पुलिस ने शहर में बढ़ती चोरी की घटनओं का पुलिस ने किया उदभेदन, गिरोह की महिला सदस्य भी धरायी

▸▸ डॉ. सुगेंद्र साय के घर हुए चोरी की घटना का 24 घंटे में पुलिस ने किया उदभेदन, चोरी के सभी आभूषण व सामग्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**


गिरफ्तार अभियुक्त, बरामद आभूषण के साथ एसपी, थाना प्रभारी व अन्य।

**गुमला।** गुमला पुलिस ने शहर में लगातार हुए चोरी की कई घटनाओं का उदभेदन कर लिया है। वहीं 19 जुलाई की रात शहर के घाटों बगीचा स्थित डॉक्टर सुगेंद्र साय के घर से 20 लाख से अधिक के जेवरात सहित नकद चोरी मामले का भी पुलिस ने 24 घंटे में उदभेदन कर लिया। पुलिस ने उक्त कांड सहित कई चोरी के घटनाओं में संलिप्त मास्टर मांइड महबुल अंसारी, उसकी पत्नी आसमा खातून और जवाहर नगर के एक ज्वेलरी दुकानदार वकील सोनी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 25 से 30 लाख रुपए के आभूषण, सोने की बिस्किट सहित नकद बरामद किया है। इस संबंध में एसपी शंभू कुमार सिंह ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि लगातार हो रहे चोरी की घटनाओं के उदभेदन के लिए एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में सूचना मिली की चोरी के समान को लेकर चोर गुमला बाजार में घूम रहे हैं। जिसके बाद एसडीपीओ गुमला के निर्देश पर गुमला पुलिस पालकोट रोड में एक पुरूष व महिला को पूछताछ के लिए पकड़ा। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम महबुल अंसारी व महिला ने आसमा खातुन बताया। दोनों गुमला के अंबवा गांव निवासी हैं और दोनों पति-पत्नी हैं। पूछताछ में पता चला कि महबूब अंसारी अपनी पत्नी आसमा खातून के साथ चेयरमैन गली स्थित पूजा ज्वैलर्स जा रहे थे। दुकान के मालिक से पैसा लेना था। चोरी की जेवरात वहीं बेचते हैं। उसके बाद पुलिस ने आभूषण विक्रेता वकील सोनी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त महबुल अंसारी ने पुलिस को बताया कि चोरी के जेवरात वकील सोनी के अलावे लिटी पाड़ा पाकुड निवासी रंजन नाम के व्यक्ति के पास बेचते थे। उसने बताया कि अपनी पत्नी के साथ गुमला शहर के विभिन्न मुहल्लों में घूमकर बंद घर को चिह्नित करते थे तथा रात्रि में घर का ताला तोड़कर जेवरात तथा पैसे की चोरी कर लेते थे। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त महबुल अंसारी की निशानदेही पर उसके घर से पुलिस ने चोरी के जेवरात, घटना में प्रयुक्त लोहे का रड़, पेचकश, मोटरसाइकिल बरामद किया। महबुल अंसारी ने बताया कि वह करीब एक वर्ष से गुमला शहर के विभिन्न मुहल्लों में बंद घरों को अपना निशाना बनाया था। वह पाकुड व साहेबगंज में चोरी की घटना में जेल जा चुका है। वहीं डॉ सुगेंद्र साय के घर से चोरी हुए दो सोने के बिस्कुट, तीन घड़ी, सोने का चार चैन, एक मंगलसूत्र, सोने का दुर्गा जी का लॉकेट, सोने का मंगटीका, सोने के कान का जोड़ा छः पीस, सोने का तीन अंगठी, चांदी का 12 जोड़ा पायल, चांदी का बिछिया 30 पीस, चांदी का सिक्का 52 पीस, क बाईक व नगद राशि बरामद की गयी है। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह, पुअनि अंकित राज, पुअनि राजेंद्र कुमार, पुअनि अमर शुक्ला, सअनि हेमा देवी, हवलदार नामजद सामदो, आरक्षी सुनिल कुमार सहित कई लोग शामिल थे। इधर पुलिस अधीक्षक ने जिले वासियों से अपील की है कि वे जब भी अपने घरों को बंद कर बाहर जायें तो आस पडोस के लोगों या थाने को सूचित कर जायें। ताकि उनके घरों को सुरक्षित रखा जा सके।

# हिंसक झड़प को लेकर प्रशासन ने की बैठक

➲ बैठक में आपसी सौहार्द्र से रहने की सभी ने जतायी इच्छा, दोनों ओर से पांच-पांच व्यक्ति को समाज में शांति बनाये रखने के लिए बनाया गया प्रतिनिधि

➲ साप्ताहिक हाट में जुआ खेलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की दी गयी चोतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक में शामिल एसडीपीओ, बीडीओ व अन्य।

**गुमला।** दो समुदाय के बीच में हिंसक झड़प के बाद दूसरे दिन शनिवार को जिला प्रशासन व प्रखंड प्रशासन के नेतृत्व में दोनों गांव के लोगों के बीच समझौता बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कुछ लोगों के आपसी विवाद के कारण दो गांव के बीच में अशांति का माहौल नहीं बनने देंगे। ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाएगा और गांव में आपसी सौहार्द्र बनाकर जीवन यापन करेंगे। दोनों समुदाय से पाँच पाँच लोगो का नाम चयन किया गया जो किसी भी विवाद का ग्रामीण स्तर पर निपटारा करेंगे या प्रशासन को जानकारी देंगे। बैठक में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, बीडीओ दिनेश कुमार के द्वारा ग्रामीणों से बातचीत किया गया। जिसके बाद गांव वालों को बताया गया कि आपसी सौहार्द्र बिगड़ने के लिए कुछ असामाजिक तत्व लगातार प्रयास करते हैं। लेकिन ऐसे लोगों के चंगुल में ना फंसकर भाईचारगी से जीवन यापन करें ताकि एक बेहतर समाज का परिकल्पना किया जा सके। बैठक में ग्रामीण ने कहा अचानक घटित घटना ने मारपीट का रूप ले लिया था। आने वाले दिनों में दोनों समुदाय के लोग भाईचारगी से रहेंगे। आने वाले समय में किसी भी तरह का विवाद होने पर पूरे घटनाक्रम का सूचना थाना को देंगे। गांव के युवा तेज गति से बाइक चलाने वाले को चिन्हित कर इस पर कार्रवाई के लिए थाना को सूचना देंगे। बाकी गांव के युवा हो या फिर बुजुर्ग सभी अपने-अपने काम में ध्यान मग्न होकर कृषि का कार्य करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि साप्ताहिक हाट में जुआ खेलने व शराब बिक्री को लेकर भी रोक लगाया जायेगा जो लोग ऐसे कार्य में शामिल होंगे उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई के लिए थाना व पुलिस अधीक्षक को सूचना देंगे। बैठक में मुख्य रूप से अरुण कुमार पांडे, थाना प्रभारी तरुण कुमार, इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार जिला परिषद सदस्य के तेतरू उरांव, हसमुद्दीन अंसारी, कलीम अंसारी, बैतूल खान, साबिर खान, हफीजुल रहमान, मुख्तार खान, निरंजन शेखर, सवाना भगत, केशव उरांव, लक्ष्मण उरांव, लालमणि देवी, शेखर, सूरज मुनि देवी, नीलमणि देवी, रतिया उरांव, जहबी देवी, घुड़ा उरांव, सोमारी देवी, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### गौ तस्करी के आरोपी को चैनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने शुक्रवार को जब्त किए गए अवैध गोवंशीय पशुओं की तस्करी मामले में एक तस्कर जमगाई गांव निवासी मोनाजिर खान पिता मोबीन खान को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में गुमला भेज दिया। ज्ञात हो कि शुक्रवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए 10 अवैध गोवंशीय पशुओं को जब्त कर थाना ले आई थी और तस्कर की गिरफ्तारी में जुटी हुई थी। जिसपर चैनपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बैंक ऑफ बडौदा का मनाया गया 117 वां स्थापना दिवस



**गुमला।** बैंक ऑफ बड़ौदा गुमला शाखा का 117 वां स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि बैंक के खाता धारक रमेश कुमार चीनी ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ बडौदा गुमला जिला में निरंतर आगे बढ़ रहा है और यहां के खाता धारकों को बेहतर सुविधा दी जा रही है। जिस कारण बैंक में खाता धारकों की संख्या बढ़ते जा रही है। इस दौरान बैंक में आए सभी ग्राहकों को चॉकलेट व केक बांटा गया। मौके पर शाखा प्रबंधक संदीप मिंज, निलमन लकरा, किशोर फोगला, द्वारिका मिस्त्र, संदीप कुल्लू जतिन उरांव अर्जित मेंस अजय सोरेन नागेंद्र पासवान अजय राम देवी तोपो जोसेफ तिरकु विष्णु बाड़ा समेत अन्य ग्राहक मौजूद थे।

### साइंस ओलंपियाड में चयनित छात्राएं इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र का करेंगी शैक्षणिक भ्रमण

**गुमला।** गुमला जिले में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से संचालित गतिविधि सिकछा कर भेंट के तहत पिछले दिनों सपनो की उड़ान नामक साइंस ओलंपियाड का आयोजन किया गया था । इस साइंस ओलंपियाड अंतर्गत सभी विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 26 बालिकाओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु वायुयान द्वारा इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा भेजा जा रहा है। ज्ञात हो कि जिले के सभी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सभी झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय तथा कल्याण विभाग अंतर्गत सभी बालिका आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 एवं कक्षा 11वीं विज्ञान में अध्ययनरत छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें से बालिका वर्ग अंतर्गत अपने अपने विद्यालयों में टॉपर 26 बालिकाओं को चयनित किया गया है। कुल 33 सदस्यीय टीम में 26 बालिकाओं के अतिरिक्त 3 शिक्षिका और 4 अधिकारी शामिल रहेंगे। सभी बच्चियों अभी कस्तूरबा गांधी विद्यालय गुमला में हैं जहां पर इन्हें भ्रमण एवं दैनिक उपयोग हेतु विशेष किट, यूनिफॉर्म, ट्रैकसूट, ब्लेजर, ट्रॉली आदि सामग्री देते हुए इसरो संबंधित जानकारियां देते हुए इनका उत्साहवर्धन किया जा रहा है। 21 जुलाई रविवार को अपराह्न 12 से 1 बजे के बीच समाहरणालय परिसर से श्री कर्ण सत्यार्थी, उपायुक्त एवं वरीय अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाते हुए इस टीम को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के लिए रवाना किया जाएगा तथा शाम की फ्लाइट से सभी उसी दिन रात चेन्नई पहुंचेंगे ।

### संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में टैलेंट वीक के तहत विविध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गुमला।** संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पालकोट रोड गुमला में शनिवार को टैलेंट वीक कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से लेकर 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में क्विज प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता एवं नाटक का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का समापन सोमवार को होगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद लाल, निर्देशक संजय कुमार गुप्ता, शिक्षिका मैत्री अधिकारी, रीता लाल, पूनम प्रसाद, अनु कुमारी,अमृता श्रीवास्तव, शोभा तिर्की, विनीत गुप्ता, पायल साहू, कविता कुमारी, कीर्ति कुमारी ,लवली यादव, अनुप्रिया टोप्पो, मालती कल्लू, सीमा शर्मा, शिक्षक जय किशोर कुमार, कृष्णनंदन कुमार, राजेश खत्री एवं काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### 25 जुलाई को मतदान केंद्र जाकर मतदाता प्रकाशित प्रारूप में जांचे अपना नामः उपायुक्त

# विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर डीसी ने राजनीतिक दलों के सदस्यों के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक में निर्देश देते डीसी व उपस्थित राजनीतिक दल के सदस्य।

**गुमला।** राज्य में द्वितीय विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 25 जुलाई को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। उक्त अभियान से संबंधित जानकारी देने एवं जिले में एसएसआर-2 के संबंध में जानकारी देने के उद्देश्य से शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता जिले के विभिन्न मान्यता प्राप्त पॉलिटिकल पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पॉलिटिकल पार्टी के सदस्यों से मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में आवश्यक सुझाव भी प्राप्त किए। उपायुक्त ने कहा कि विगत लोकसभा आम चुनाव 2024 में कहीं कहीं से ऐसे मामले प्रकाश में आये है कि कोई मतदाता अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र लेकर मतदान केन्द्र मतदान करने जाता है। परंतु मतदाता सूची में संबंधित मतदाता का नाम निबंधित नहीं होने के कारण वह मतदान करने से वंचित रह जाता है। आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 में ऐसी एक भी घटना घटित ना हो। इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सोशल मिडिया के माध्यम से हैसटेग अभियान का प्रारंभ सम्पूर्ण राज्य में सभी मतदान केन्द्रों पर 25 जुलाई को 12.00 बजे से 01.00 बजे तक किया जायेगा। उक्त अभियान के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने गुमला जिला के प्रत्येक मतदाता से यह अपील की है कि वे अपना नाम मतदान केन्द्र में जाकर प्रारूप प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाईन जाँच कर सतुष्ट हो लें कि उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है। यदि नाम जांच लिया है तो वे सोशल मिडिया पर इस आशय का पोस्ट करें ताकि अन्य लोग भी इससे प्रेरित हो। यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु आवेदन समर्पित करने की जानकारी देते हुए उन्हें प्रेरित किया जाए। इस कार्य के सफल संचालन हेतु उपायुक्त ने जिले के पॉलिटिकल पार्टी के सदस्यों से सहयोग की मांग की साथ ही उन्होंने कहा कि पॉलिटिकल पार्टी के सदस्य जिला प्रशासन के ही अंग है। इस कार्य के सफल संचालन हेतु पॉलिटिकल पार्टी भी अपने स्तर से यह सुनिश्चित करें कि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में ना छूटे। 25 जुलाई को सभी मतदान केन्द्रों पर प्रारूप प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति एवं प्रपत्र 6. 7 एवं 8 के साथ बीएलओ उपस्थित रहेंगे एवं नागरिकों को उक्त अभियान के बारे में जानकारी देंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर मतदाता सूची में पंजीकरण आदि हेतु आम नागरिकों से भरा हुआ प्रपत्र प्राप्त करेंगे। साथ ही सभी नागरिकों को वोटर हेल्पलाईन ऐप्प के बारे में जानकारी देते हुए उक्त ऐप्प को डाउनलोड करने हेतु उन्हें प्रेरित करते हुए अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे। आगे उन्होंने बताया कि निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उक्त अभियान के प्रारंभ होने पर मतदान केन्द्रों पर जाकर औचक निरीक्षण करेंगे। इस दौरान उपायुक्त द्वारा सभी राजनीतिक दलों से भी उक्त अभियान के सफल संचालन में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला निबंधन पदाधिकारी राजीव नीरज, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा,सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में ,नेशनल पीपल्स पार्टी से कृष्ण उरांव एवं अंजुम साहू, इंडियन नेशनल कांग्रेस से मो.फिरोज आलम एवं राम निवास प्रसाद,आर.जे.डी. से रवींद्र बड़ाइक, जेएमएम से रंजीत सरदार के अलावा जिला निर्वाचन विभाग से शशिकांत भारती, प्रमोद कुमार,अरविंद कुमार राय सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

### किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**भंडरा लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में शुक्रवार को बीटीएम प्रियांशु मिंज की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए बेहतर पैदावार को बढ़ावा देने को लेकर चर्चा हुई। जिसमे इस वर्ष अब तक बारिश नहीं होने को लेकर भी चिंता जताते हुए किसानों को बेहतर विकल्प तैयार करने को लेकर सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ चर्चा हुई। मौके पर बीटीएम प्रियांशु मिंज ने कहा कि इस वर्ष अबतक हुई वर्षा को देखते हुए सलाहकार समिति द्वारा निम्न किस्म की बीज की मांग प्रस्ताव में लाया गया है। जिसमें मक्का, मडुआ, सरगुजा, उरद पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है, ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना ना पड़े। बैठक में एटीएम अजय कुमार, अंजू रूंडा, सरस्वती साहू, नीतीश उरांव, सुदामा साहू, रमेश राणा, अयोध्या साहू, आनंद साहू मौजूद थे।

### 8 लाभुक को अनुदान पर पशु वितरित

**भंडरा।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में 8 यूनिट पशुधन का वितरण किया गया। इसके तहत तीन लाभुकों के बीच प्रति यूनिट में 4 बकरी व 1 बकरा पशुपालकों को प्रदान किया गया। वही पांच पशुपालक किसान को सूअर वितरित किया गया। जिसमे प्रति लाभुक एक नर सूअर व चार मादा सूअर वितरित किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# शहर के सैकड़ों युवाओं ने थामा आजसू का दामन

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के जिला प्रधान कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओम भारती ने की। इस मौके पर लोहरदगा नगर परिषद अंतर्गत 23 वार्ड से सैकड़ो युवाओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। लोहरदगा के युवाओं ने मिलन समारोह में अपने भावनाओं से आजसू पार्टी को अवगत कराया। अब लोहरदगा के भी युवा विकास की राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहते है। युवाओं ने कहा कि लोहरदगा का शिक्षा व्यवस्था चिकित्सा व्यवस्था काफी चरमराई हुई है। हम सभी इससे आहत है और हमें विश्वास है कि आजसू पार्टी जो एक आंदोलनकारी पार्टी है। जो लोहरदगा के समग्र विकास में हम युवाओं को साथ लेकर चल पाएगी बहुत जल्द ही लोहरदगा नगर क्षेत्र में आजसू पार्टी का एक युवा सम्मेलन हजारों युवाओं को साथ लेकर की जाएगी। आजसू पार्टी को पूर्ण विश्वास है कि नगर के युवा जल्द से जल्द हजारों हजार युवाओं को जोड़कर नगर क्षेत्र को मजबूत करते हुए प्रखंडो से भी नए ऊर्जावान युवाओं को जोड़ते हुए युवा सम्मेलन को सफल बनाएंगे। कार्यक्रम में युवाओं को पार्टी की विस्तार के लिए कई टिप्स दिए गए। मिलन समारोह में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलन कारी पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्म पत्नी सह आजसू केंद्रीय महासचिव लोहरदगा विधान सभा प्रभारी नीरू शांति भगत उपस्थित थी। इस अवसर पर केंद्रीय समिति के सूरज अग्रवाल, अरविंद यादव,राजू गुप्ता, जहांगीर आलम, ओम भारती, शाहिद अंसारी ,गुड्डूस प्रसाद, आयुष मेहता ,दिलीप साहू आदि ने अपना संबोधन युवाओं के बीच में रखा। इस मिलन समारोह में मुख्य रूप से पवन प्रजापति के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में आजसू की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें मुख्य रूप से सुशांत देव पौराणिक, आशीष कुमार प्रजापति, पुष्कर राजपूत ,दिनेश कुमार, मृगेंद्र प्रताप राणा, शुभम सिंह, दिग्गी कुमार सिंह ,आलोक कुमार साहू, अभिषेक कुमार साहू, चंदन गुप्ता, बजरंग कुमार सिंह, शुभम कुमार गुप्ता, विकास कुमार प्रजापति, आकाश जायसवाल ,आदित्य तमेड़ा, कुणाल नायक ,विष्णु महतो, अनिकेत कुमार उपाध्याय, सूरज कुमार सिंह, नवीन प्रजापति, मोहन प्रजापति, विपुल कुमार गुप्ता ,उत्तम यादव, दीपक कुमार, रामकुमार महतो, वेदांग सिंह सहित सैकड़ो युवाओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की पार्टी के केंद्रीय नेता एवं जिला अध्यक्ष ने सभी का स्वागत माला पहनकर और पार्टी का पताका भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

# लोहरा समाज के प्रतिनिधि मिले सांसद सुखदेव भगत से

## जाति प्रमाण पत्र बनवाने में हो रहे दिक्कतों से कराया अवगत

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** आदिवासी लोहरा समाज जिला इकाई के केंद्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद लोहरा के नेतृत्व में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत से शिष्टाचार मुलाकात किया। शिष्टाचार मुलाकात में आदिवासी लोहरा समाज के जाति प्रमाण पत्र सहित कई समस्याओं को लेकर बात किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद लोहरा द्वारा बताया गया कि लोहार औ रलोहरा दो अलग-अलग जाती है परंतु दोनों के खतियान में जाति लोहार दर्ज हो गया है। इस संबंध में टी आर आई द्वारा उत्तर बिहार के पांच जिला और दक्षिण बिहार के पांच जिला में शोध किया गया था। इसमें रांची, लोहरदगा, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, लातेहार जिला में शोध में पाया गया कि उत्तर बिहार के लोहार पिछड़ी जाति अनेकचर 2 में आते हैं और दक्षिण बिहार के खटियाणी लोहार लोहरा जनजाति में आते हैं। दोनों समुदाय का रहन-सहन रीतिरिवाज लोकाचार संस्कृति अलग-अलग है। दक्षिण छोटा नागपुर के लोहरा कहे जाने वाले खाटीयनी लोहार प्राकृतिक के पूजके होते हैं और उत्तर बिहार के लोहार मूर्ति पूजा करते हैं। इसका विस्तार पूर्वक जानकारी झारखंड सरकार कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक 355 ,19 जनवरी 2006 कार्मिक सचिव मुख्तार सिंह के पत्र में दशार्या गया है। इस आधार पर लोहरा जनजाति के व्यक्तियों को स्थानीय जांच कर जाति प्रमाण पत्र निर्गत भी हो रहा है। परंतु कुछ जांच पदाधिकारी जातिवादी मानसिकता के तहत भेदभाव करते हैं जिसके कारण लोहरा जनजाति के व्यक्तियों को समय पर जाति प्रमाण पत्र मिलने में कठिनाई होती है। इस संबंध में सांसद पूर्व में जब विधायक थे उस समय टी ए सी के मेंबर भी थे तक का रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि लोहरा जाति के खतियान में लिपिकीय त्रुटि के कारण लोहार दर्ज हो गया है। वास्तव में यह लोहरा जनजाति के सदस्य हैं। दक्षिण छोटा नागपुर में लोहार खतियान धारी लोहरा जनजाति के जनजाति के लोग जिनके खतियान में लोहार दर्ज है वह अनुसूचित जनजाति सीट से विधायक सांसद का भी चुनाव लड़ते आ रहे हैं। स्थानीय सभी लोगों को पता है कि भले इनके खतियान में लोहार दर्ज है लेकिन यह लोहरा जनजाति के सदस्य हैं। सांसद श्री भगत ने आश्वासन दिया कि मैं भली भांति जानता हूं यहां के खतियान धारी लोहार ,लोहरा जनजाति से हैं।

उपायुक्त की अध्यक्षता में मनिका के जिला ग्रामीण विकास विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

# मनरेगा कार्य की गति को देख उपायुक्त ने जतायी नाराजगी

- लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने को लेकर किया गया निर्देशित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनिका प्रखंड अंतर्गत जिला ग्रामीण विकास विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनिका प्रखंड अंतर्गत मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, आम बागवानी योजना , पीएम आवास, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना समेत अन्य योजनाओं की क्रम वार समीक्षा की गई एवं वर्तमान प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने मनिका प्रखंड के सभी पंचायतो में चल रहे कार्य प्रगति की क्रमवार जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। इस दौरान बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अब तक मनिका प्रखंड अंतर्गत कार्यान्वित की गई प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य की शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि योजना के तहत दो चरण (फेज) में मनिका प्रखंड में कुल 52 खेल मैदानों के विकास का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके विरुद्ध 16 को पूर्ण कर लिया गया है। इस पर उपायुक्त द्वारा रोष प्रकट करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका को निर्देशित करते हुए कहा गया कि राज्य


बैठक में निर्देशित करती उपायुक्त।

सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। ऐसे में सभी पंचायतों में स्थल चयन करते हुए वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत कराये जाने वाले कार्यों को ससमय पूर्ण करें। बैठक में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा के क्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना की स्वीकृति, आधार सीडिंग, पीडी जेनरेशन, रिजेक्शन ट्रांजैक्शन इत्यादि को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए गति के साथ शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मनिका प्रखंड अंतर्गत मनरेगा से संचालित योजनाओं की गति को देख कर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनिका के कार्य की जांच करने एवं स्पष्टीकरण करते हुए वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया तथा एक हफ्ते के अंदर कार्यों में प्रगति नहीं लाने पर कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। इसके अलावे उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना


बैठक के उपरांत विकास योजनाओं का जायजा लेती उपायुक्त।

की जानकारी ली एवं अधूरे प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में अबुआ आवास योजना (2023-2024) की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही शेष योग्य लाभुकों को स्वीकृति देने के लिए निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजनाओं का भौतिक सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनाझग्रामीण 2016 से 2022 में प्राप्त लक्ष्य, लक्ष्य के विरूद्ध पूर्ण आवास व लंबित आवास, किश्त राशि का भुगतान आदि बिंदुओं की विस्तार से जानकारी ली गई। जिन पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य धीमा है और पूर्ण हुए आवासों की संख्या कम है वहां के लाभुकों को शीघ्र आवास पूर्ण करने के लिए निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने शीघ्र अति शीघ्र लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही आवास योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजन अंतर्गत निर्मित/निमार्णाधीन आवासों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावे 15 वें वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप लाभुको को योजना के तहत लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। इसके अलावे मनिका प्रखंड में आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी को बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने के फलस्वरूप स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के पश्चात उपायुक्त ने एजमाड़ पंचायत में संचालित कृषक पाठशाला का निरीक्षण कर वहां हो रहे कार्यों का अवलोकन किया बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ चौरसिया, मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, अंचल अधिकारी, बीपीओ, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कर्मी आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बाइक से गिरकर दो युवक घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड के इटके ग्राम के पास वाहन के चकमे से मोटरसायकिल से गिरकर दो युवक घायल हो गये। घायलों में सुबोध कुमार 25 वर्ष पिता रामदेव राम, बनवारी राम पिता श्यामदेव राम दोनों ग्राम इटके थाना बारियातु निवासी के नाम शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों लोग बालूमाथ से अपने घर जा रहे था। तभी इटके ग्राम के पास एक कार द्वारा चकमा खा जाने के कारण अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गये। घटना के बाद सभी घायलो 108 एंबुलेंस द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### छत से गिरकर महिला घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के राजगुरु ग्राम में छत से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चांदो देवी 35 वर्ष पति त्रिवेणी गंझु ग्राम राजगुरु थाना बरियातू निवासी छत में सूखा हुआ कपड़ा उतारने जा रही थी। जहां सीढ़ी में पैर फिसलने की वजह से वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा इलाज के लिए महिला को बालूमा थ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### विश्व आदिवासी दिवस की बैठक आज

**चंदवा।** चंदवा स्थित खीस्त राजा विद्यालय स्थित सभागार में आगामी 9 अगस्त को मनायी जाने वाली विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो की तैयारी को लेकर आवश्यक बैठक रविवार की दोपहर दो बजे आयोजित की गयी। उक्त जानकारी समिति के सुमन सुनिल सोरेंग ने दी है। उन्होने बैठक में आदिवासी समाज के समाजसेवी, महिला, युवा, बुद्धिजीवी एवं सभी सम्मानित व्यक्तियों से शामिल होन की अपील की है।

### चंदवा पुलिस ने बालूमाथ में कबाड़ी दुकान के समीप से 5 टन स्क्रैप किया बरामद


स्क्रैप बरामद करती चंदवा पुलिस।

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस की टीम ने बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक कबाड़ी दुकान के समीप खेत से लगभग 5 तन अभिजीत प्लांट से चोरी का स्क्रैप को बरामद करने में सफलता पायी है। बरामद स्क्रैप को जब्त कर मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 95/24 में विभिन्न धाराओं के तहत अख्तर खान पिता सत्तार खान (चकला) के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि गुप्त सूचना मिली थी कि अभिजीत प्लांट के सीएचपी एरिया में स्क्रैप चोरी का प्रयास किया जा रहा है, सूचना के आलोक में पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही इसकी भनक स्क्रैप चोरों को लग गई व चोर भागने में सफल रहे। जिसके बाद पुलिस के द्वारा दबिश को तेज करते हुए चोरी के स्क्रैप को ठिकाना लगाए जाने के कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गयी, जिसमें पुलिस को उक्त सफलता मिली। अभियान में पुअनि शशि कुमार, रविन्द्र सिंह, भीम सिंह समेत दल बल के जवान शामिल थे।

मनिका प्रखंड में सरकार के करोड़ों की योजनाओं में लीपा-पोती कर पानी फेरने में लगे हैं संवेदक

# पहली बारिश में ही सड़क की दुर्दशा खराब जगह-जगह पर दरार, हाथ से उखड़ रहा सड़क


सड़क में पड़ा दरार।


जानकारी देते ग्रामीण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पूर्व में बीस सूत्री अध्यक्ष ने भी उठाया था मामला फिर भी नहीं हुआ सुधार

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के रांकिकला पंचायत स्थित कुई गांव से ढावाकरम टोला तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ों रुपए की लागत से निर्माण किए गए सड़क में संवेदक के द्वारा लीपा-पोती कर सरकार के इस जनकल्याणकारी योजना में पानी फेरने का आरोप ग्रामीणो ने लगाया है। ग्रामीणो ने आरोप लगाते हुये कहा कि सड़क के निर्माण में भारी लापरवाही बरतते हुए मिट्टी में ही अलकतरा बिछाने का काम किया गया है साथ ही सड़क निर्माण में गुणवत्ता की भारी कमी देखी जा रही है,पहली बारिश में ही सड़क की दुर्दशा काफी खराब हो गई है,जगह-जगह पर सड़क में दरार पड़ गए हैं स्थिति ऐसी है कि लोगों के हाथ से ही सड़क उखड़ जा रहा है। वहीं गांव के ग्रामीण बताते हैं कि सड़क निर्माण के समय हम लोग संवेदक को कई बार बोले की गुणवत्तापूर्ण काम करवाइए लेकिन संवेदक अपने मनमानी तरीके से ही सड़क का निर्माण करवाया जिससे कि कुछ महीनो में ही इस सड़क में जगह-जगह पर दरार पड़ गए। ग्रामीणों ने कहा कि अगर सड़क का निर्माण गुणवतापूर्ण होता तो यह सड़क कई सदियों तक चलता और लोगों को आवागमन के लिए सुविधा होती लेकिन निर्माण के कुछ महीनों के बाद ही सड़क की यह दुर्दशा काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्रामीणों ने कहा कि संवेदकों को सिर्फ सरकार की योजनाओं का ठीका लेने से मतलब है,सरकार का जो हर एक ग्रामीण क्षेत्र में विकास करने का मंसूबा है उससे इनको कोई भी लेना-देना नहीं है यह लोग सिर्फ योजनाओं में लीपा-पोती कर सरकार की मोटी रकम डकारने के फिराक में लगे रहते हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में जब पुल में दरार पड़ गया था तो बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान के द्वारा मामले को संज्ञान में लिया गया था लेकिन फिर भी संवेदक के द्वारा इसमें कोई सुधार नहीं किया गया। वहीं जब संवेदक से इस विषय में बात की जाती है तो 5 साल की गारंटी है मरम्मत करवा दी जाएगी बोलकर अपनी गलती को छिपाने का काम करते हैं लेकिन सोचने की बात यह है कि सड़क निर्माण के कुछ महीनों बाद ही इसकी मरम्मत की बात की जा रही है तो इस सड़क का निर्माण कितना गुणवत्ता पूर्ण किया गया होगा और इससे लोगों को कितना दिन तक आवागमन में सहूलियत मिलेगी। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने सरकार व जिला प्रशासन से मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कर सड़क निर्माण में सुधार करवाने का मांग किया है।

### मोटरसाइकिल से गिरकर चाचा भतीजा घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बंदरचूवा ग्राम में शनिवार को मोटरसाइकिल से गिरकर बूदे उरांव 70 वर्ष पिता स्वर्गीय भगिया उरांव एवं उसका भतीजा मुंनेश्वर उरांव 30 वर्ष पिता नागेंद्र उरांव दोनों ग्राम कलकलिया थाना बालूमाथ घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहा चिकित्सक डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा बुदे उरांव की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर से ट्रैकर में डालने के लिये बालूमाथ पेट्रोल पंप जा रहा था इसी बीच बंदरचूहआ ग्राम के समीप असंतुलित होकर गिर गया। दोनों घायल रिश्ता में चाचा भतीजा है।

## विश्वनाथ मंदिर के 17 वीं स्थापना दिवस पर निकाली गई विशाल कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह के पैरा में बाबा विश्वनाथ मंदिर की 17 वीं स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को संत कबीर तुलसी सेवा आश्रम की ओर से भव्य व विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पैरा से निकलकर बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के कुसमाही नदी से पवित्र जल भरकर विभिन्न मार्ग होते हुए क्षेत्र भ्रमण किया। जिसके बाद श्रद्धालु वापस मंदिर में पहुंचे। मंदिर की चारो ओर परिक्रमा किया गया और कलश के पवित्र जल से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शंकर का जलाभिषेक किया गया। कलश


कलश यात्रा में शामिल लोग।

यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल थे। मौके पर भजन-कीर्तन और भंडारा का भी आयोजन किया गया। भगवान शंकर के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। 21 जुलाई को हवन, प्रसाद और महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में भाजपा नेता ननदेव सिंह, उकामाड़ पंचायत के मुखिया कैलाश सिंह, रामेश्वर सिंह, विश्वनाथ सिंह, रूपनारायण सिंह, शिवनारायण सिंह, भुनेश्वर सिंह, हरिहर सिंह समेत सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

## झारखंड राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार बालूमाथ पहुंचे


घर घर जाकर मतदाता सुची सुधार की जानकारी लेते के रवि कुमार।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** झारखंड राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार शनिवार को बालूमाथ पहुंचे ।जहां बालूमाथ कन्या मध्य विद्यालय के बूथ संख्या 144 एवं 145 पहुंचकर आंगनबाड़ी सेविका एवम बीएलओ से मिलकर अभी तक किए गए कार्य की प्रगति पर जानकारी ली ।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भामाशाह नगर एवम बालू ग्राम के कई घरों में पहुंचकर अभी तक किये गए कार्यों का निरीक्षण किया। प्रभु साहू ,अरुण साव,अजित गुप्ता1,आनन्द साव अरूण साव के घर पहुंच कर उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका द्वारा किन-किन बिंदुओं पर कार्य किया गया उसकी जानकारी ली ।उन्होंने यह जानने का प्रयास किया की जिनके परिवार के सदस्य का दो बूथ में अगर नाम है तो उसे एक बूथ में करने के लिए कर्मियों द्वारा क्या कार्य किया। जिन मतदाता का ब्लैक एंड व्हाइट पहचान पत्र है उसे रंगीन करने के लिए संबंधित कर्मी ने रंगीन फोटो लिया या नहीं। उन्होंने यह भी जानने का प्रयास किया कि घर में अगर मृत मतदाता या नए मतदाता जिनका उम्र 18 वर्ष हो चुका है वैसे लोगों का नाम जोड़ा या काटा गया है कि नहीं। निरीक्षण के दौरान उपस्थित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र ही घर-घर जाकर मतदाता सूची में दिए गए सभी निदेर्शों का पालन कर मतदाता सूची में सुधार करें। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मतदाता सूची में सुधार को लेकर सर्वे का कार्य चल रहा है निरीक्षण के दौरान यहां भी कुछ कमी देखी गई है जिसे सुधारने का निर्देश दिया गया है कुछ स्थानों पर अच्छा कार्य किया गया। उसे और बेहतर करने को कहा गया है। इस मौके पर लातेहार एसडीएम किशोर रजक, बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी मनीष पांडे, बीएलओ जीवन कुमार अनुपम, सुषमा कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका नीलम देवी, उर्मिला देवी समेत कई लोग उपस्थित है।

### तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**चंदवा।** प्रखंड के बोदा गांव के खेल मैदान में बोदा फुटबॉल क्लब के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट की शुरूआत शनिवार को हुयी। बतौर मुख्य अतिथ मुखिया ललिता देवी, पंसस सुशीला टोपनो, झामुमो नेता दीपू सिन्हा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, कामता पंसस अयुब खान ने संयुक्त रूप से किया तत्पश्चात राष्ट्रगान के बाद टूर्नामेंट की शुरूआत हुई। उदघाटन मैच में नगर चंदवा ने लोहरदगा को पेनाल्टी शूट आउट में एक गोल से हराया, वहीं दूसरे मैच में लोहरदगा बनाम जगराहा के बीच मैच खेला गया जिसमें जगराहा टीम एक गोल से विजय रही। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि युवाओं के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है, गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। बोदा फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष सजाद अंसारी, सचिव समीर अंसारी ने बताया कि इस टूनार्मेंट में 32 टीमें भाग ले रही है, इस टूर्नामेंट का फाईनल मुकाबला 22 जुलाई सोमवार को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के समापन के मौके पर रंगारंग नागपुरी संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर समाजसेवी हीरा सिंह, मो महबूब अंसारी, सेराज अंसारी, बबलू राही, समशेर खान, अमान अंसारी, हसमुद्दीन अंसारी व अन्य मौजूद थे वहीं बोदा के फुटबॉल क्लब के मो तनवीर, राजा, नौसाद, फिरोज, गुफरान, गुलाम रब्बानी, सोनू समेत बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक घायल, मुखिया ने करवाया इलाज

**बरवाडीह।** डालटनगंज-बरवाडीह रेलवे स्टेशन के बीच मंगरा रेलवे स्टेशन के अमडीहा ग्राम के समीप बेसुध पड़े एक अज्ञात युवक की सूचना पर स्थानीय मुखिया बिपिन बिहारी सिंह ने अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच युवक के बारे में जानकारी ली। युवक कुछ ही बताने में असमर्थ था और पागलों के जैसी हरकत कर रहा था। लोगों को देख वह इधर- उधर भागने का प्रयास करने लगा। युवक के कपड़े फटे हुए थे और सिर व बाएं पैर में गंभीर चोट के निशान थे। जिसे देखकर मुखिया बिपिन बिहारी सिंह ने स्थानीय लोगों के सहयोग युवक को पकड़कर ऑटो के माध्यम से बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया कुछ देर बाद युवक बोलने की स्थिति में था। जहां पूछताछ में युवक ने बताया कि उसका नाम सबान डांग है। वह लुधियाना से काम कर वापस अपने घर रांची के खूंटी लौट रहा था। इसी क्रम में अमडिहा के पास ट्रैन रुकी थी। वह ट्रैन से उतरा ही था की दूसरी ओर से आ रही मालगाड़ी के धक्के से ट्रेक से कुछ दूरी पर गिर गया था जिसके बाद उसे कुछ समझ में नही आया। युवक का मानसिक संतुलन खराब सा हो गया था। हालांकि वह किस ट्रेन से आ रहा था इसकी जानकारी नहीं दे सका। लेकिन लोगों का अनुमान है कि वह सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस से आ रहा होगा।

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने चंदवा में डोर टू डोर किया वेरीफिकेशन

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की ली जानकारी, किया निर्देशित

- आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज, तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटी प्रशासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** राज्य में आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। आगामी चुनाव से पूर्व छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ने, एवं मतदाता पहचान पत्र में त्रुटि व बूथ सुधार को लेकर प्रशासन के द्वारा युद्ध स्तर पर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। चलाए जा रहे हैं मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का जायजा लेने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार शनिवार को चंदवा पहुंचे जहां उन्होंने जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी अजय रजक के साथ प्रखण्ड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत सरोज नगर व जमीरा पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों में चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। इस दौरान प्लस टू हाई स्कूल जमीरा बुथ का जायजा लिया हलांकि तीसरा शनिवार होने के कारण विद्यालय बंद था, जिस कारण बाहर से निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये विदित हो कि उक्त दोनो बुथो पर विगत लोकसभा चुनाव में सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले बुथों में पहले व दुसरे नंबर पर थी। इन मतदान केन्द्रो में कम मतदान से संबंधित जानकारी भी अधिकारियों से ली व सुधार करने को लेकर निर्देशित किया।



**डोर-टू-डोर किया वेरीफिकेशन, मतदाताओं से ली जरूरी जानकारी**

इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार डोर टू डोर जाकर मतदाताओं से मिले व वेरिफिकेशन किया साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना, इस दौरान उन्होंने बताया कि द्वितीय मतदाता पुनरीक्षण का कार्य लातेहार जिले में अंतिम चरण में है। इसके तहत बीएलओ प्रवेक्षकों के द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं को सत्यापन का कार्य सहित नये मतदाता को जोड़ने के लिए फार्म छह भरा जा रहा है, जिनका निधन हो गया है उन मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर फार्म सात, जिन मतदाताओं को नाम मतदाता सूची में गलत छप गया है, उसे सुधारने के लिए बीएलओ के द्वारा फार्म आठ भरने जैसे कार्य किया जा रहा है। श्री रवि ने आगे बताया कि आगामी 26 जुलाई से विशेष पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा। जिसके तहत बूथों पर चार दिन विशेष कैंप लगाया जाएगा। जिसमें जिन युवाओं को 18 वर्ष पूरा हो चुका है वह बूथ पर पहुंचकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते है, हटवा सकते हैं। और नाम पता में त्रुटि होने पर सुधरवा सकते हैं।

जुलाई में 27 और 28 तारीख को और अगस्त माह में तीन और चार तारीख को विशेष कैम्प लगाया जाएगा साथ ही दिव्यांगजनों के लिए अलग से कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यदि मतदाता स्वयं मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाना चाहते है तो वह वोटर हेल्प लाईन एप को प्ले स्टोर से डाउनलोट कर स्वयं ऑनलाईन भी आवेदन कर सकते है। निरीक्षण के क्रम में सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ विजय कुमार, बीएलओ सुपर वाइजर पूजा विनायक, पीडीएस डीलर महेंद्र अग्रवाल, प्रखण्ड कर्मी रोहित कुमार समेत कई अन्य मौजूद थे।

